# प्रेस नोट - थाना सदर बाजार

## जनपद शाहजहाँपुर

## सराहनीय कार्य दिनांक – 15.08.2026

### थाना सदर बाजार पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत अभियोग में वाँछित 01 नफर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय, जनपद शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, अवैध मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध शराब/शस्त्र विक्रय तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर महोदय के निर्देशन, क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल पर्यवेक्षण एवं प्रभारी निरीक्षक थाना सदर बाजार के कुशल नेतृत्व में थाना सदर बाजार पुलिस टीम को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई।

**संक्षिप्त विवरणः-**

दिनांक 20.06.2026 को वादिनी की तहरीर के आधार पर अभियुक्तगण विशाल शर्मा आदि 04 नफर द्वारा वादिनी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने, शारीरिक संबंध बनाने, धोखाधड़ी करने, मारपीट करने, जातिसूचक गालियां देने एवं जान से मारने की धमकी देने के संबंध में थाना सदर बाजार पर मु०अ०सं० 303/26 धारा 69/318(2)/87/115(2)/352/351(3) बीएनएस व 3(2)(v)/3(1)द/3(1)ध SC/ST Act पंजीकृत किया गया था। दौराने विवेचना साक्ष्य संकलन के आधार पर अभियुक्त सुधांशु त्रिवेदी पुत्र सत्यप्रकाश त्रिवेदी निवासी मो० रामनगर, थाना पुवायाँ, जनपद शाहजहाँपुर, उम्र करीब 24 वर्ष का नाम प्रकाश में आया। आज दिनांक 15.08.2026 को थाना सदर बाजार पुलिस टीम थाना गेट के बाहर मौजूद थी। इसी दौरान मुखबिर खास द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि उक्त मुकदमे में वांछित अभियुक्त सुधांशु अपने दोस्त विशाल के साथ थाना सदर बाजार के सामने चाय की दुकान पर खड़ा है। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुँचकर समय करीब दोपहर 12:20 बजे अभियुक्त सुधांशु त्रिवेदी को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त थाना सदर बाजार पर पंजीकृत मु०अ०सं० 303/26 धारा 70(1)/87/351(3) बीएनएस व 3(2)(V) SC/ST Act में वांछित अभियुक्त है। अभियुक्त को उसके अपराध एवं धाराओं से अवगत कराते हुए नियमानुसार हिरासत पुलिस में लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-**

सुधांशु त्रिवेदी पुत्र सत्यप्रकाश त्रिवेदी निवासी मो0 रामनगर थाना पुवायाँ जनपद शाहजहाँपुर उम्र करीब 24 वर्ष

**पंजीकृत अभियोग का विवरण-**

मु0अ0स0 303/26 धारा 70(1)/87/351(3) बीएनएस व 3(2)(V) SC/ST ACT थाना सदर बाजार जनपद शाहजहाँपुर

**गिरफ्तारी का दिनाँक, समय व स्थानः-**

दिनांक 15.08.2026 को समय दोपहर 12.20 बजे, पुलिस थाना सदर बाजार के पास चाय की दुकान।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरणः-**

1. उ0नि0 श्री कुलदीप कुमार थाना सदर बाजार जनपद शाहजहाँपुर
2. का0 बिट्टू कुमार थाना सदर बाजार जनपद शाहजहाँपुर
3. का0 अंकित कुमार थाना सदर बाजार जनपद शाहजहाँपुर